

**श्री नरेंद्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban



**श्री हेमंत सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

# "मिला पक्का मकान, पूरे हुए जीवन के अरमान"





श्रीमती सरिता देवी, पति श्री चंदन कुमार मेहता नगर पंचायत, वंशीधर नगर के वार्ड नंबर 16 की स्थायी निवासी हैं। चंदन कुमार मेहता जी पेश से एक ऑटो ड्राइवर हैं। इसी कार्य से से वे अपने परिवार का जीवन-यापन करते हैं। चंदन कुमार मेहता को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत आवास मिलने संबंधी जानकारी ऑटो ड्राइविंग के क्रम में ऑटो की सवारी कर रहे लोगों से प्राप्त हुई थी। इसके उपरांत उन्होंने अपने वार्ड पार्षद से संपर्क कर अपनी पत्नी श्रीमती सरिता देवी के नाम से आवेदन फार्म वार्ड पार्षद के माध्यम से नगर पंचायत कार्यालय में जमा करवाया करवाया। इसके फलस्वरूप वित्तीय वर्ष 2017-18 में उनकी पत्नी का नाम पीएम आवास के लाभुक के रूप में चयनित हो गया। इसके उपरांत उन्होंने अपनी सहयोग राशि एवं सरकार द्वारा चार विभिन्न किश्तों में प्राप्त राशि से 8 माह के अंदर अपना सपनों का घर तैयार कर लिया। अपना पक्का मकान के निर्माण पूरा होने के संबंध में जब सरिता देवी के पति चंदन कुमार मेहता जी से बात की गई तो वे काफी भावुक हो गए और उनकी आंखों से खुशी से आंसू छलक पड़े। इस बारे में वे बताते हैं कि अब उन्हें परिवार व समाज में अलग तरह का मान-सम्मान मिल रहा है। अपने सपनों का आशियाना बन जाने की खुशी की चमक इनके परिवार के लोगों के चेहरे पर स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। इसके लिए उन्होंने केंद व राज्य सरकार, अपने वार्ड पार्षद व नगर निकाय के सभी पदाधिकारियों व कर्मचारियों का ह्रदय से आभार व्यक्त किया है।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

टॉल फ्री नं०: 1800-120-2929 | वेबसाइट: dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA